# शहर विधायक आकाश सक्सेना सीएमओ डॉ. दीपा सिंह ने दिखाई हरी झंडी

## संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान को लेकर जागरूकता रैली आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 से 30 अप्रैल 2026 एवं दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारम्भ शहर विधायक आकाश सक्सेना एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने संयुक्त रूप से किया गया।





इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संच. ारी रोगों की रोकथाम हेतु शपथ दिलाई गई तथा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली मुख्य मार्गों से होते हुए जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय, पर सम्पन्न हुई। विधायक आकाश सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखें तथा बुखार से पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल सरकारी अस्पताल में उपचार हेतु भेजें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, कचरा निस्तारण, झाड़ियों की कटाई, लार्वानिरोधक रसायनों का छिड़काव एवं फॉगिंग कराई जाएगी। साथ ही संचारी रोगों से प्रभावित व्यक्तियों की पहचान कर उनका उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा घर-घर सर्वेक्षण कर बुखार, आईएलआई, क्षय रोग, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया, कालाजार एवं कुपोषित बच्चों की सूची तैयार की जाएगी। इसके अतिरिक्त मच्छरों के प्रजनन स्थलों की पहचान कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। अभियान के दौरान क्लोरीनेशन, पेयजल को उबालने, साबुन से हाथ धोने एवं शौचालय के उपयोग के प्रति भी जनजागरूकता फैलाई जाएगी। रैली के शुभारम्भ अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यमूर्ति तोमर, डॉ. सत्यप्रकाश, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार, डॉ. राजीव कुमार वर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. ताहिर, सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार राय, बायोलॉजिस्ट देवेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाने वाले दो आरोपी नकली नोट के साथ गिरफ्तार

## गंज कोतवाली पुलिस को मिली सफलता, 500 के 21 नकली नोट बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** देश की अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाने वाले दो आरोपी नकली नोटों के साथ गिरफ्तार हुए हैं। उनके पास से पांच-पांच सौ रुपये के 21 नकली नोट बरामद हुए है। यह नोट वह शहर में लगी नुमाइश व मेलों में खपाने की फिराक में थे। पूछताछ में उन्होंने जो बताया कि वह सुनकर पुलिस के भी होश उड़ गए। नकली नोटों का कारोबार अब ऑनलाइन हो गया है। दोनों आरोपियों ने आनलाइन संपर्क कर नकली नोट मंगवाए थे। यह जानकारी होने के बाद पुलिस उस आरोपी को भी तलाश कर रही है जिसने यह नोट कूरियर किए थे। फिलहाल दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनका चालान कर दिया गया है।



किसी दौर में रामपुर जिले में नकली नोटों का कारोबार काफी होता था। नेपाल से आने वाली नकली नोटों की खेप कैरियर के माध्यम से जिले में खपाए जाते थे। कुछ पैसों के लालच में आकर यह कैरियर नकली नोट इधर से उधर करते थे। हालांकि नोट बंदी के बाद से यह गोरखधंधा काफी कम हो गया है। लेकिन अभी भी इक्का-दुक्का मामले सामने आते रहते हैं। अब ऐसा ही एक मामला गंज कोतवाली में सामने आया है। मंगलवार को गंज कोतवाल पवन कुमार शर्मा को सूचना मिली कि दो युवा नकली नोटों के साथ झील के पास मौजूद हैं। वह लोग नुमा.

### आनलाइन मंगवाते थे आरोपी नकली नोट, पूछताछ में हुआ खुलासा

इश में इन नोटों को खपाने की कोशिश करेंगे। सूचना पर कोतवाल पवन कुमार शर्मा ने फोर्स के साथ बिलासपुर गेट के पास एक गली में दबिश दी। वहां पर मौजूद दो युवकों ने भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने घेराबंदी करके दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से पांच-पांच सौ रुपये के 21 नकली नोट, मोबाइल व तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना नाम गंज कोतवाली के मोहल्ला घुइयां तालाब निवासी सिनवान व मोहल्ला चाह मोटे कल्लन निवासी मिन्हाज बताया। पुलिस दोनों को गंज कोतवाली ले आई और रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# प्राथमिक शिक्षा जितनी मजबूत, उतना उज्ज्वल भविष्य: आकाश सक्सेना

## स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ, बच्चों को स्कूल भेजने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** नए शैक्षिक सत्र के पहले दिन बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से "स्कूल चलो अभियान" के तहत भव्य रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से अभिभावकों और बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आकाश सक्सेना ने कहा कि बेसिक शिक्षा विद्यार्थियों की नींव होती है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार है और इससे ही उनका भविष्य उज्ज्वल बनता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और








उन्हें एक जिम्मेदार व जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि जिले का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने का प्रयास है, जिससे नामांकन और उपस्थिति दोनों में बढ़ोतरी होगी। जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की मेहनत से लगातार सुधार हो रहा है और आने वाले समय में बेसिक शिक्षा और बेहतर होगी। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**पाठ्य पुस्तक वितरण का शुभारंभ**

इस दौरान शहर विधायक आक. ाश सक्सेना ने परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया। इसके साथ ही जिले के सभी स्कूलों में पुस्तकों के वितरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

**उत्कृष्ट शिक्षकों को किया सम्मानित**

कार्यक्रम में नामांकन बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों में वेलेंन्टिना विक्टर, सुनील कुमार, मनोज शर्मा, गौतम सिंह और अंशु देवी शामिल रहे। वहीं मॉरीशस में व्याख्यान देने वाले डॉ. राजवीर सिंह को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# रामपुर को मिले नए कप्तान पहुंचे रामपुर

## आईपीएस सोमेन्द्र मीना ने संभाला कार्यभार, अधिकारियों ने किया भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद को नए पुलिस कप्तान के रूप में आईपीएस सोमेन्द्र मीना मिल गए हैं। बुधवार को उन्होंने विधिवत रूप से पुलिस अधीक्षक (एसपी) का कार्यभार ग्रहण किया। उनके कार्यभार संभालते ही पुलिस महकमे में नई ऊर्जा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यभार ग्रहण करने के मौके पर पुलिस कार्यालय में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर और क्षेत्राधिकारी टांडा सहित अन्य अधिकारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया। अधिकारियों ने नए एसपी को शुभकामनाएं देते हुए जिले में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने की उम्मीद जताई।





सोमेन्द्र मीना के आगमन से जिले की कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की उम्मीद की जा रही है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में पुलिसिंग और अधिक प्रभावी होगी तथा जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नवागत एसपी ने भी अधिकारियों के साथ संक्षिप्त बैठक कर जिले की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने संकेत दिए कि जनसुनवाई को प्राथमिकता देते हुए आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में नए कप्तान को लेकर सकारात्मक माहौल है और सभी ने उनके नेतृत्व में बेहतर कार्य करने का विश्वास जताया है।

# स्कूल चलो अभियान शुरू, बच्चों का उत्साह के साथ स्वागत

## पहले चरण में 1 से 15 अप्रैल तक चलेगा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शत-प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य जनपद में शिक्षा से वंचित बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से 1 अप्रैल से "स्कूल चलो अभियान" की शुरुआत हो गई है। शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान का लक्ष्य हर बच्चे का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना है। अभियान का पहला चरण 1 से 15 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। अभियान के पहले दिन जिले के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में उत्सव जैसा माहौल देखने को



शैक्षिक सत्र 2026-27 के प्रथम दिन विद्यालय आए छात्र-छात्राओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत करते कंपोजिट स्कूल घाटमपुर के शिक्षक

मिला। स्कूलों को फूल-पत्तियों, रंगोली और गुब्बारों से सजाया गया। विद्यालय पहुंचे बच्चों का शिक्षकों ने रोली और चंदन का टीका लगाकर तथा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। साथ ही बच्चों को हलवा, खीर जैसे रुचिकर व्यंजन वितरित किए गए, जिससे बच्चों में खासा उत्साह नजर आया। शिक्षकों द्वारा घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों का नामांकन कराने की पहल भी शुरू कर दी गई है। जो बच्चे अभी तक स्कूल से दूर हैं या पढ़ाई बीच में छोड़ चुके हैं, उन्हें दोबा. रा शिक्षा से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। शासन की मंशा है कि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रह जाए। इसी उद्देश्य से बेसिक शिक्षा विभाग को शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारियों ने अभियान को दो चरणों में प्रभावी ढंग से चलाने के निर्देश दिए हैं। शैक्षिक सत्र 2026-27 की शुरुआत के साथ इस अभियान के जरिए न केवल नामांकन बढ़ाने बल्कि शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और सकारात्मक शैक्षिक वातावरण तैयार करने पर भी जोर दिया जा रहा है।

# राम गंगा नदी में तीन दिन बाद पानी के ऊपर उतरता मिला शाहबाद के युवक का शव

## पानी में तीसरे दिन मिला शाहबाद के युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता/ जहीर खान**

**शाहबाद।** नगर के युवक का शव तीसरे दिन बुधवार सुबह नदी के पानी में उतराता मिला। शव को देखकर परि. जनों और पुलिस को सूचित किया गया। जिसके बाद परिजनों और गोताखोरों ने युवक के शव को पानी से बाहर निकाला। परिजनों के पोस्टमार्टम कराने के इंकार के बाद बुधवार दोपहर बाद युवक को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। बताते चले कि शाहबाद के खटपुर निवासी मोईज उर्फ मोनू(20) सोमवार दोपहर में अपने तीन दोस्तों के साथ रामगंगा में





नहाने के लिए गया था। नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने के मोइस पानी में डूब गया। साथ गए युवकों ने शोर मचाकर लोगों को एकत्र किया। जिसके बाद पहले दिन दर्जनों लोकल गोताखोरों ने पानी में युवक को खोजा, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया। प्रशासन ने दूसरे दिन एसडीआरएफ की टीम को बुलाया और मंगलवार दूसरे दिन एसडीआरएफ और लोकल गोताखोरों ने युवक की तलाश में पूरे दिन सर्च अभियान चलाया, लेकिन दो दिनों तक युवक का कोई भी निशान नहीं मिल सका अचानक बुधवार सुबह युवक का शव रामगंगा पुल के आगे पानी में उतराता दिखाई दिया। जिसके बाद परिजनों और गोताखोरों ने शव को पानी से बाहर निकाला। इस दौरान कोतवाल प्रदीप कुमार, एसआई रमेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

# ढकिया कंपोजिट विद्यालय में रिपोर्ट कार्ड वितरण, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मान मिला




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** ढकिया कंपोजिट विद्यालय में बुधवार को रिपोर्ट कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।विद्यालय प्रशासन के अनुसार, कक्षा आठ में आलोक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा सात में आकाश पहले स्थान पर रहे, जबकि कक्षा छह में आराध्या ने शीर्ष स्थान हासिल किया।कक्षा पांच में प्रियांशु और उमर ने, कक्षा तीन में प्रजापाल ने, कक्षा दो में बादल ने तथा कक्षा एक में लविका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक ने सभी मेधावी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देते हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ और अभिभावक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विवेक पांडेय, ज्योति, महिमा बंसल, ममता आर्या, शांति, रेखा सहित अन्य शिक्षकों ने सहयोग किया।

# मुंडापांडे हवाई अड्डे से जल्द उड़ानें शुरू कराने की मांग तेज, सांसदों ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात

## रामपुर-संभल सांसदों ने नागरिक उड्डयन मंत्री को सौंपा ज्ञापन, क्षेत्रीय विकास का रखा मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** क्षेत्रीय विकास और जनसुविधाओं को गति देने के उद्देश्य से रामपुर के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी और संभल के सांसद जिया ऊर रहमान बर्क ने नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरपु राम मोहन नायडू से मुलाकात कर मुरादाबाद स्थित मुंडापांडे हवाई अड्डे को जल्द संचालित करने की मांग उठाई। सांसदों ने मंत्री को अवगत कराया कि मुंडापांडे हवाई अड्डे का बुनियादी ढांचा वर्ष 2023 से पूरी तरह तैयार है, लेकिन अब तक संचालन शुरू न होने के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश का यह महत्वपूर्ण क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से पिछड़ रहा है। उन्होंने बताया कि रामपुर और मुरादाबाद हस्तशिल्प और पीतल उद्योग के बड़े केंद्र हैं, जहां हवाई सेवा शुरू होने से व्यापार को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई गति मिलेगी। सांसदों ने यह भी कहा कि दिल्ली और लखनऊ जैसे बड़े शहरों से सीधी हवाई कनेक्टिविटी न होने के कारण छात्रों और गंभीर मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हवाई सेवा शुरू होने से समय की बचत के साथ लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।



दोनों सांसदों ने जोर देते हुए कहा कि मुंडापांडे हवाई अड्डे का संचालन केवल एक जिले की जरूरत नहीं, बल्कि पूरे मंडल की मांग है। उन्होंने तकनीकी बाधाओं को दूर कर जल्द से जल्द पहली उड़ान शुरू कराने की अपील की। केंद्रीय मंत्री किंजरपु राम मोहन नायडू ने सांसदों के तर्कों से सहमति जताते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने और हवाई अड्डे को प्राथमिकता के आधार पर चालू कराने का आश्वासन दिया। यह जानक. ारी सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा ने दी।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले गए और करा दिया निकाह

## जानकारी होने पर परिजनों ने विरोध किया तो दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जिले के दो थाने सिविल लाइंस व टांडा में नाबालिग व एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले दर्ज हुए हैं। टांडा वाले मामले में तो आरोपियों ने नाबालिग का जबरन निकाह भी करा दिया। परिजनों को जब इसकी जानक. ारी हुई तो बेटी को वापस करने की मांग की। जिस पर आरोपियों ने पिता को जान से मारने की धमकी दी।

टांडा थाना क्षेत्र के ग्राम शिक. ारपुर निवासी आसिफ कहना है कि उसकी बेटी सोफिया गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में पढ़ती थी। वर्ष 2021 मे कक्षा पांच पास किया था। जन्मतिथि के हिसाब से अभी वह नाबालिग है। आरोप है कि 28 मार्च को टांडा के ग्राम मोहब्बत गंज निवासी हसनैन उर्फ हरान, शाहरूख, अशरफ अली, नईम, गामा और साजिद उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। सुबह परिजनों की आंख खुली तो देखा कि सोफिया घर पर नहीं हैं। आसिफ के अनुसार उन्होंने बेटी को तलाश करना शुरू किया तो मालूम हुआ कि यह लोग उसकी बेटी को लेकर गए हैं। जिस पर आसिफ ने आरोपियों से संपर्क किया और बेटी को वापस करने को कहा। आरोप है कि उन्होंने कहा कि हसनैन से उसका जबरन निकाह करा दिया है। दबाव डालने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए उसे भगा दिया। आसिफ की तहरीर पर सभी आरो. पियों के खिलाफ टांडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### वहीं सिविल लाइंस में भी युवती को ले जाने का दर्ज हुआ मामला

वहीं सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ताशका का मजरा निवासी रेशम का कहना है कि उसकी बेटी रेशम को गांव ही रामबहादुर मंगलवार की रात को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। सुबह परिजनों की आंख खुली तो युवती घर पर नहीं थी। काफी तलाश करने के बाद भी युवती का सुराग नहीं लगा। हालांकि लोगों ने बताया कि रामबहादुर उसे अपने साथ ले गया है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन ने एसपी विद्यासागर मिश्र को दी भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** बुधवार को रामपुर जनपद के पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र को शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा विदाई दी गई। यह विदाई समारोह पुलिस लाइन में आयोजित किया गया।संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस लाइन पहुंचकर एसपी विद्यासागर मिश्र को विदाई दी। उन्होंने एसपी के उज्जवल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर एसपी विद्यासागर मिश्र ने मंच से शाहबाद के पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन ने एसपी विद्यासागर मिश्र के कार्यकाल की सराहना की। एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने उनके स्वस्थ जीवन की कामना भी की।



# विधायक शफीक अंसारी ने सड़को को स्वीकृत कराया

## शासन से स्वीकृत कराई 7,9 की धनराशी क्षेत्र में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** विधायक शफीक अहमद अंसारी द्वारा विधानसभा स्वार टांडा के क्षेत्र अंतर्गत क्षेत्रीय लोगो की समस्याओं को लेकर शासन स्तर से 7 जगह की विभिन्न सड़को को लोकनिर्माण विभाग द्वारा आर्थिक विकास योजना अन्तर्गत मांग की गई थी जिसको शासन द्वारा अलग अलग 7 कार्यों को कराए जाने को ले कर 7,9 करोड रु0 स्वीकृत कराया।1मुंशी गंज मार्ग से अली नगर जगीर मार्ग 2स्वार दड़ियाल काशीपुर मार्ग खाड़ीखेड़ा वाया मेवला फार्म मार्ग 3 बिलासपुर मिलक खानम स्वार मार्ग 4 ग्राम केशों नंगली मार्ग से गडरियों वाला मझरा होते हुए उत्तराखंड की सीमा 5 ग्राम फाजलपुर के मझरे से शमशान घाट तक मार्ग 6 नूरपुर फाजलपुर मेन रोड गुरुद्वारा मार्ग 7शेखुपुरा बढ़पुरा एन एच 74 मार्ग का निर्माण कार्य तक यह समस्त रास्तों का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा।



